


# ट्रीट #5 रिपोर्ट

## #साथनिर्भर: हमारी वेलबीइंग की कहानी

VartaLeap
Beyond the demographic dividend

"commutiny"
the youth collective







# वार्तालीप ट्रीट 5

## #साथनिर्भर: हमारी वेलबीइंग की कहानी

वार्तालीप ट्रीट २०२१ सही मायने में एक उत्सव था एकजुटता, मित्रता तथा एकसाथ युवा केन्द्रित प्रभावशीलता के मनाने का, जिसे वार्तालीप गठबंधन द्वारा विशेषकर पिछले एक साल में बहुत मज़बूती मिली। इस सम्मेलन को ३ आधे दिनों (२, ३ और ४ सितम्बर) तक रचनात्मक डिज़ाइन व शानदार सहजीकरण द्वारा - एक थीम के इर्द-गिर्द चलाया गया - **#साथनिर्भर: हमारी अंदरूनी-बाहरी वेल्बीइंग की कहानी।** वार्तालीप की सामूहिक यात्रा पर चिंतन और इसका मूल्यांकन करके भविष्योन्मुखी रणनीतियों को भी सदस्यों ने सह-निर्मित किया।

ट्रीट के सह-संयोजक विजय भाई, दीप, कनिका, राजेश व अक्षित के नेतृत्व में ३८ इंटरजेनरैशनल, प्रेरणादायी व उत्साही डिज़ाइनर एवं सहज्कर्ताओं की कोर टीम ने अपनी अद्भुत ऊर्जा से इस ट्रीट को सबके लिए एक सार्थक अनुभव बनाया। यह पूरी प्रक्रिया एक-दुसरे को जोड़ने के बारे में थी, जिसका उद्देश्य एक-दुसरे के साथ तथा एक दुसरे के बारे में और गहराई से जानना था।



ट्रीट २०२१ का आरंभ अशरफ ने एक स्वागत नोट के साथ किया, जहाँ उन्होंने "हर युवा एक जागरिक हो और हर जगह युवाओं को बढ़ने वाली हो" के मिशन को मज़बूत करने की दिशा में साथी सदस्यों की उपलब्धियों, चुनौतियों तथा उनके प्रयासों के बारे में बताया। इस आइसब्रेकिंग ने हमें बीइंग, सीइंग और डूइंग की इस ३ दिवसीय यात्रा पर एक साथ रवाना किया!



# बीइंग (होना)

वार्तालीप का अस्तित्व इसके सभी संगठनात्मक और व्यक्तिगत सदस्यों की एकजुटता, सहयोग, सामूहिकता और इसके सभी के सामुदायिक निर्माण के प्रयासों का मूर्त रूप है।

इन तत्वों को सत्रों के डिज़ाइन में बुनकर यह एकजुटता अनुभव की गई, लोगों ने आनंद का अनुभव किया और इसका उत्सव मनाया। साथ ही, हाल ऑफ़ एनर्जी सत्र, दो बहुत ही ऊर्जावान महफिलों और टुगैथेरनेस टेबल सत्रों ने वार्तालीप की सामूहिक कहानी जिससे वार्तालीप के सदस्य साथ मिलकर लिख रहे हैं, उसको याद किया, उसपर प्रकाश डाला। इस दौरान इस सामूहिक कहानी को बुनने वाली, व्यक्तिगत और संस्थागत कहानियों को भी विस्मृत किया गया। ये कहानियाँ चिंतनशील, शक्तिशाली और मज़ेदार थीं।

## प्रेम पत्र

**३ दिनों के दौरान सभी सदस्यों ने एकजुटता, कृतज्ञता तथा आशा का अनुभव करते हुए अपने वार्तालीप सहयात्रिओं को संबोधित करते हुए सुन्दर प्रेम पत्र लिखे। प्रेम पत्रों को पाकर सभी बहुत ही खुश थे।**

**यहाँ देखें**

**हॉल ऑफ़ एनर्जी** एक ओशेन (सागर) थीम वाला सत्र था, जहाँ सभी सदस्य एक कहानीकार थे और उन्हें हमारे इस वार्तालीप ओशेन में अनदेखे, छिपे हुए खज़ाने (इनसाइड आउट वेलबीइंग का खज़ाना) को खोजना था। सभी ने मिलकर अपनी अपनी जगहों की कहानियाँ बुनी, एक-दुसरे को सुना, भावनाओं को व्यक्त किया, एक-दुसरे का सहारा बने और सबसे बढ़कर व्यक्तिगत व संस्थागत दोस्ती को बढ़ाया व मज़बूत किया।

७ से ८ लोगो के ६ समूह बने, हर समूह में एक इलस्ट्रेटर भी शामिल हुआ जिसने इन वेल बीइंग स्टोरीज का बहुत ही सुन्दर चित्रण किया।



राहुल


लामया



दबंग्शु



अपूर्वा



देबलीना



इंद्रजीत

**महफ़िल-ए-वार्तालीप** एक संगीतमय शाम थी, जिसमे कई सदस्यों ने गाने गाये और कवितायेँ पढ़ीं। इस पुरे समूह में बहुत सी छुपी हुई प्रतिभाएं भी सामने निकल कर आयीं, कई सदस्यों ने ऐसी महफिलें नियमित रूप से करने का आग्रह भी किया।

**सिंडर नाईट,** दुसरे दिन की महफ़िल में १५ से अधिक वार्तालीप सदस्य जोड़ो को एक डेट नाईट पर भेजा गया, जहाँ वे एक दुसरे से अच्छी जान-पहचान बना सकें। सिंडर नाईट के अनुभवों को सभी सदस्यों ने साझा किया और बताया कि उन्होंने इस प्रक्रिया में कितना मज़ा आया और एक दुसरे से कितना जुड़ाव महसूस किया। उन्होंने यह भी साझा किया कि लोगो ने किस प्रकार दोनों महफ़िलों का भरपूर आनंद लिया है।

## #साथनिर्भर गीत



महफ़िल-ए-वार्तालीप को डिज़ाइन करने वाले समूह ने #साथनिर्भर गीत को संगीतबद्ध व रिकॉर्ड भी किया, जो वास्तव में वार्तालीप की भावना का प्रतिनिधित्व करता है।

**टूगेदरनेस टेबल** एक रोमांचक और परीस्पर्धा से परिपूर्ण सत्र था। इसके अंतर्गत एक गेम के माध्यम से अंतर-पीढ़िय समूहों के बीच संवाद स्थापित होने की संभावना बनती है। इसमें शामिल होने के बाद सभी सदस्यों ने अपने अनुभवों में बताया कि किस प्रकार उनमे एक सकारात्मक भावना पैदा हुई है। यह वेल-बीइंग एडिशन विशेषकर कोविड-१९ की दूसरी लहर से प्रभावित सामूहिक बेहतरी को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया था। सत्र के अंत में ब्रेकआउट रूम्स में सभी सदस्यों के चेहरे पर जो मुस्कान थी वह अमूल्य थी।

# आप कैसा महसूस कर रहे हैं

## पहले




## उपरांत



# सीइंग (देखना)

वार्तालीप दुनिया को कैसे देखता है, यह अनिवार्य रूप से इसके साझा मूल्यों, सिद्धांतों और ढांचों पर आधारित है। ट्रीट भी इनपर फिर से प्रकाश डालने और इनको मद्देनज़र रखते हुए किये गए सामूहिक कार्यों के मूल्यांकन करने के का भी स्थान था।

- **F** भावनाओं का आदर किया जाना चाहिए।
- **L** वयस्कों के साथ मिलकर नेतृत्व करना
- **O** स्वके प्रति जिम्मेदारी से समाज के प्रति ज़िम्मेदारी की ओर
- **W** जोखिम लेने की चाहत
- **I** सब के लिए समावेशन
- **N** वर्तमान भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना भविष्य
- **G** कार्य और प्रति- चिन्तन (रिफ़्लेक्शन) से सीखने के लिए अडिग

# द फ्लोइंग प्रिंसिपल्स

द फ्लोइंग प्रिंसिपल्स वे सिद्धान्त है, जिनके द्वारा वार्तालीप की नीव मज़बूत होती है; इन्ही सिद्धांतों के द्वारा वार्तालीप के अस्तित्व और काम को बाहरी दुनिया मे दिखाया जाता है। सदस्यों से इसका अभ्यास एक 'इमेज एसोसिएशन' एक्सरसाइज के माध्यम से कराया गया, जहाँ उन्हें उन चित्रों को चुनना था, जिनके साथ वे सबसे अधिक जुड़ाव महसूस करते थे। चित्र का चुनाव कर फ्लोइंग प्रिंसिपल से सम्बंधित सवालों के जवाब भी उन्होंने दिए। इस प्रक्रिया ने अंततः समूह को अगले तीन दिनों तक एक सूत्र में बांधे रखने का कार्य किया।

संक्षेप में इस प्रक्रिया से निकले नियम (ग्राउंड रूल्स) इस प्रकार है –

**F** : संवेदनशील बने, दुसरो के लिए एक सम्मानजनक व विश्वास योग्य जगह बनाएं

**L** : सुनिश्चित करें कि सभी को बराबर सहभागिता करने और सहभागिता को प्रोत्साहित करने का अवसर मिले (विशेषकर अंतर-पीढ़िय जनरेशन को)

**O** : समय पर आना, पुरे समय होना और दुसरे सदस्यों को एक दुसरे को सहज करने हेतु प्रेरित करना

**W** : नए लोगों से दोस्ती करना और गठबंधन के अन्दर नयी चीजों को आज़माना

**I** : अनुवाद द्वारा यह सुनिश्चित करना कि भाषा बाधा न बने

**N** : मौज-मस्ती द्वारा इस जगह को और मजेदार बनाना

**G** : व्यक्तिगत अनुभवों एवं चिंतन द्वारा संवाद को उत्कृष्ट बनाना

**सेम पेजिंग**

**वार्तालीप गठबंधन को वृहद स्तर** पर देख पाना बहुत रोमांचित करने वाला था - एक ऐसा गठबंधन जो दिल से युवा और अनुभव से अंतर-पीढ़िय है! वार्तालीप इकोसिस्टम लगभग ८० संस्थाओं के १८८ सदस्यों का एक परिवार बन चूका है, जिसमे ७ राज्यों के स्टेट कलेक्टिव (५०+ संस्थाएं) भी शामिल हैं, जो कम्यूटिनी के अभ्यास समुदाय का हिस्सा है। वार्तालीप अब 21+ राज्यों में मौजूद है। २०००० से अधिक जागरिक अब अपने समुदायों में युवा केन्द्रित मानदंडो में बदलाव ला रहे हैं जहाँ वे जेंडर तथा संवैधानिक साक्षरता जैसे मुद्दों को भी संबोधित कर रहे हैं।




इस प्रकार, फ्लोइंग प्रिंसिपल्स (सिद्धांतों) को युवा कर्तव्यों एवं अधिकारों के माध्यम से जिया गया है तथा जिसके द्वारा कोविड-१९ प्रतिक्रिया पुरे देशभर में लाखों लोगों तक पहुँच सकी। इस दौरान, समझो तो प्रोजेक्ट का विस्तार हुआ और जेंडर जागरिक के पायलट फेज को ४ लोकेशन पर शुरू किया गया। #साथनिर्भर को वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के कोविड रिस्पांस अलायन्स फॉर सोशल इंटरप्रेन्यूअर्स द्वारा भारत के शीर्ष ५० **कोविड-१९ लास्ट माइल रिस्पान्दर्स** में एक चुना गया।

ये सब उन सदस्यों के प्रयासों से संभव हुआ जिन्होंने पिछले ९ महीनों में ७००० घंटों से अधिक के लिए स्वेच्छा से काम किया और अपनी सहयोगी भावना से आनंद, उपलब्धि और सीख मुमकिन बनाया। समूह विशिष्ट प्रस्तुतियों के लिए **यहाँ जाएँ।**

"उत्कृष्ट, अद्भुत, अतुलनीय। सच में यह सीखने के लिए एक सुंदर यात्रा के समान है। आप सबकी वजह से मुझे कभी लगा ही नहीं कि मैं इस सिस्टम मे नयी हूँ। यहाँ हर कोई बहुत मेहनत व अपनेपन से लोगों को इस इकोसिस्टम में लाने का प्रयास करता है। यही अनुभव इसे अद्भुत बनाता है। मेरे लिए इस गठबंधन का मतलब दोनों ओर से संवाद व प्रयास का होना है, यह केवल वार्तालीप की ज़िम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सदस्यों की भी है कि इस गठबंधन में सक्रियता बानी रहे। किसी गठबंधन में काम करना सबके फायदे के लिए ही होता है। यह हमें बेहतर इंसान बनाने में मदद करता है, और यहाँ मैंने ऐसा महसूस किया और गठबंधन में काम करने को एन्जॉय किया।"

**– शीबा, ओएसिस मूवमेंट**

# बोर्ड की रणनीतियां

मनीषा और आकाश ने वार्ताकर्ता समूह के उद्देश्य, उसकी भूमिका और संरचना पर प्रकाश डाला। सत्र की शुरुआत एक मज़ेदार क्विज के साथ हुई, जिसमे यह जानने का प्रयास हुआ कि सदस्यों को वार्ताकर्ता के बारे में कितना पता है। इससे लोग यह भी जान पाये कि इस गठबंधन के बोर्ड द्वारा कैसा काम हुआ है। रणनीतिकर्ताओं के रूप में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया और यह भी की वे एक रडार के रूप में कार्य करते हैं जो विचारों को चुनता है और उन्हें समूह प्राथमिकताओं के अनुसार उनका अभिसरण करता है।

## रणनीति प्राथमिकता: सदस्य जुड़ाव

**भावनात्मक कल्याण और खुशदिल्ली**

- अप्रत्याशित परिस्थितियों में प्रतिक्रिया को मजबूत करना
- साझेदारी की शुरुआत
- प्रतिरोधशमता का निर्माण
- व्यक्तिगत संबंधों और दोस्ती का पोषण

**नवाचार**

- वार्तालैब्स के माध्यम से लिंग, नागरिकता, अधिकारों और कर्तव्यों पर नए विचारों का विस्तार
- विस्तारित युवा समुदायों में गुणन प्रभाव

# एक्शन पॉइंट्स

एक्शन पॉइंट्स जो सदस्यों द्वारा वार्ता कर्ता रणनीतियों का समर्थन करने हेतु सुझाए गए –

- वार्तालीप मिशन को अधिक लोगों तक पहुँचने के लिए नए प्लेटफार्म खोजे जाएँ
- जागरूक युवाओं के साथ मीडिया इंगेजमेंट को बढ़ाया जाये। युवाओं की कहानी युवाओं द्वारा ही कही जाये

इसके पश्चात् सदस्यों को वार्ताकर्ता के लिए विचारों और सुझावों को साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया, जो इस प्रकार हैं।

## ब्रांडिंग और कथा निर्माण

**व्यापार**

- फॉर्च्यून 500 कंपनियां जागरिक भागफल को रोजगार योग्यता मानक के रूप में देखेंगी
- कॉर्पोरेट भारत सक्रिय नागरिकता को एक प्रमुख रोजगार योग्यता कौशल के रूप में देखेगा

**सरकार**

- वर्तलीप - एक गठबंधन जो जमीनी स्तर के युवा समूहों और नेताओं तक पहुंच बनाता है
- जाग्रिक भागफल सरकारी स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल हो गया है

**युवा संगठन**

- युवा समूहों को युवा केंद्रित विकास का एक नया डिजाइन मानक देना
- गठबंधन निर्माण के लिए एक नया-वास्तुकला और प्रक्रियाएं प्रदान करना

# नेक्स्ट पेजिंग (आगामी रणनीति)

जब एक बार सभी सदस्य वार्तालीप के बारे में एक समान पेज पर आ गए, तो उन्होंने मुख्य बिन्दुओं, चुनातियों और सुधार पर भी बात की; दीप, सोहिनी, हर्ष और अशोक द्वारा नेक्स्ट पेजिंग सत्र का सञ्चालन किया गया। इस सत्र में उन्होंने स्नोबाल प्रक्रिया का उपयोग करके वार्तालीप के भविष्य की दिशाओ के बारे में चर्चा की। सदस्यों द्वारा उन बिन्दुओं पर मतदान किया गया, जो उन्हें सबसे महत्वपूर्ण लगे।

## ट्रीट #5

# आगे की प्रक्रिया

## आगामी रणनीति का सह-निर्माण ▶▶▶

**ट्रीट #5 के दौरान, नेक्स्ट पेजिंग सत्र (स्नोबॉल कंसेंसस निर्माण प्रक्रिया) द्वारा निकल कर आयी तथा सबसे अधिक वोट हासिल करने वाली आगामी आंतरिक एवं बाहरी रणनीतियों को इस प्रकार साझा किया जा रहा है -**

| रणनीति | किसके द्वारा नियोजित किया जा रहा है |
|---|---|
| आन्तरिक<br>**बाहरी दुनिया तथा इकोसिस्टम हेतु हमारे द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की मैपिंग करना** | **बॉन्डिंग एवं लर्निंग ग्रुप**<br>युवा केंद्रित विकास हेतु उपलब्ध सर्वोत्तम संसाधनों की सूची/ डाइरेक्टरी |
| आन्तरिक<br>**प्रत्येक सदस्य संस्था के बीच सहभागिता को प्राथमिकता देना और सभी सदस्यों की पहचान व अपनत्व की भावना को बढ़ाना** | **नैरेटिव्स वार्तालैब और वार्ताकर्ता** |
| बाहरी<br>**आर्थिक भलाई के लिए आजीविका और उद्यमिता पर युवा केंद्रित क्षमता निर्माण, इस क्षेत्र में अधिक निवेश को आमंत्रित करना** | **लाइवलीहुड और एंटरप्रेन्योरशिप वार्तालैब** |
| बाहरी<br>**बाहरी दुनिया को वार्तालीप से परिचित कराना और साथनिर्भर की कहानी को पूर्णतः बताना** | **नैरेटिव्स वार्तालैब** |

# डूइंग (करना)

वार्तालैब्स की ऊर्जा को देखते हुए वार्तालीप के बीइंग और सीइंग की विशिष्ठता यह सुनिक्षित करती है कि डूइंग भी बराबर की महत्वपूर्ण भागीदारिता रखता है। इन समूहों में सक्रीय रूप से अपना समय और ऊर्जा देने वाले १२९ से अधिक सदस्यों ने यह सुनिश्चित किया है कि वार्तालीप के विज़न को पुरे देश में बढाया जाये और समझाया जाये।

रिट्रीट में एक सत्र, मौजूदा वार्तालैब के प्रतिनिधियों द्वारा पुराने सदस्यों की प्रतिबद्धता लेने तथा नये लोगो को आमंत्रित करने पर भी था। रोल प्ले, ड्रामा और विडियो आदि माध्यमों का प्रयोग समूहों ने अपने अनुभवों को साझा करने व लोगो में उत्साह पैदा करने के लिए किया गया। i) युवा और राजनितिक भागीदारी ii) आजीविका और iii) उद्मिता तथा पर्यावरण पर आधारित ३ नए वार्तालैब्स का ख़ाका तैयार किया गया। नीचे दिए गए ग्राफ़िक्स में वर्किंग ग्रुप और वार्तालैब्स के बारे में अधिक जानकारी दी गयी है। सभी समूहों को उनके चुने हुए वार्तालैब ब्रेकआउट रूम में भेज दिया गया, जहाँ उन्होंने एक दुसरे को जाना, उनसे सीखा और उन्होंने अपना समूह क्यों चुना है, इसके बारे में बताया। वार्तालैब समूह मे शामिल होने के लिए **अक्षित से ७८३८०५५७९९ पर संपर्क करें।**

## ट्रीट #5
## साथ जुड़ने के लिए समूह

### वार्तालैब्स

**युथ लीडरशिप इन गवर्नेंस**
7 मेम्बर्स
सह-मेजबान:
नवेन्दु, रितेश, वसीम
गवर्नेंस स्पेस में युवाओं की भागीदारी के लिए नए सफर का निर्माण करने का लक्ष्य।

**एनवायरमेंट एंड क्लाइमेट चेंज**
7 मेम्बर्स
सह-मेजबान:
रिता बनर्जी
इसका उद्देश्य पर्यावरण के मामलों में वर्तमान में मौजूद विचारों और उनका निष्पादन तथा स्थायी जीवन जीने के इच्छुक युवाओं के बीच मौजूद फ़ासले को घटाना है।

**लिवेलीहुड्स एंड एंटरप्रेन्योरशिप**
12 मेम्बर्स
सह-मेजबान:
विजय भाई, सलोनी
युवाओं की आकांक्षाओं को समझना और यह जानना कि महामारी के बाद की दुनिया में वह आर्थिक कल्याण किस नज़रिये से देखते हैं।

**जेंडर जागरिक**
26 मेम्बर्स
सह-मेजबान:
रचिता
जेंडर जागरिक का मुख्य उद्देश्य युवा पुरुषों एवं बालकों को उनकी अपराधबोध की भावना से स्वामित्व की भावना में बदलने में मदद करना है, जो उन्हे स्थिति को बदलने हेतु समानुभूति पूर्ण कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा.

### बिल्डिंग नैरेटिव्ज़

**नैरेटिव बिल्डिंग ग्रुप**
40 मेम्बर्स
सह-मेजबान:
प्रतिभा, कनिका
हर युवा एक जाग्रिक, हर जगह जागरिकों का पोषण करने वाली - परिकल्पना के व्यापक विस्तार करना। यह समूह सार्वजनिक पहलों, नवाचारों, अंतर-पीढ़ीगत कार्यक्रम और युवा-केंद्रित मानदंडों में बदलाव लाने की दिशा में सह-निर्माण और उन पर अमल करता है।

### स्ट्रेंथनिंग मेम्बरशिप

**मेम्बरशिप वर्किंग ग्रुप**
17 मेम्बर्स
सह-मेजबान:
विजय भाई, पूजा
बॉन्डिंग एंड लर्निंग - नए सदस्यों की ऑनबोर्डिंग और सदस्यों की विविधता और प्रभावी जुड़ाव के लिए

**बॉन्डिंग एंड लर्निंग**
15 मेम्बर्स
सह-मेजबान:
दीप, अशोक
प्रगतिशील स्थानों के सह-निर्माण के माध्यम से समूह और कोएलिशन के लिए फेविकोल का जोड़ा बनना

### ओवरआल गवर्नेंस

**वार्ताकर्ता बोर्ड**
30 मेम्बर्स
सह-मेजबान:
कनिका, अक्षित
रणनीतिक दिशा-निर्देशों और प्रमुख डिजाइन और बड़े कोएलिशन के लिए निर्णय लेने के लिए

**फेसिलिटेरियट**
12 मेम्बर्स
सह-मेजबान:
कनिका, अक्षित
संचालन और कार्यकारी कार्यों को सुविधाजनक बनाने के लिये

# तीसरी लहर की तैयारी




इस सत्र का उद्देश्य कोविड द्वितीय वेव के दौरान वार्तालीप सदस्यों की अभूतपूर्व प्रतिक्रिया का जश्न मनाना और **कोविड इम्पैक्ट रिपोर्ट** का अनावरण करना था, जो सामूहिक राहत प्रयासों के प्रभाव पर प्रकाश डालता है।

नवेंदु ने इस सत्र में सभी का स्वागत किया और साथनिर्भार का संदर्भ दिया। उन्होंने बताया कि कैसे सदस्यों और जिन युवा नेताओं के साथ उन्होंने काम, उन सबने किस तरह वास्तव में कोविड प्रतिक्रिया के दौरान सहनिर्भरता के मूल्य को जीया। इसके बाद, पवन ने इस बात पर प्रकाश दाल की कैसे वार्तालीप कोलिशन विश्वास, सहयोग, संचार, जवाबदेही व समन्वय जिसे प्रमुख अवयवों पर खरा उतरा है जो किसी भी सहभागिता के सफल होने के लिए अति आवश्यक है। इसी के साथ कोविड रिस्पांस पर एक व्यापक रिपोर्ट भी जारी की गयी, जिसका अंतिम मसौदा जल्द ही साथी सदस्यों के साथ साझा किया जायेगा।

"जो प्रतिक्रिया समुदाय के भीतर अनायास रूप से, तत्काल सहायता संदेशो से आरंभ हुई, जो शीघ्र ही गठबंधन के विभिन्न हितधारको के सहयोग से एक संगठित आन्दोलन में परिवर्तित होती गई", उन्होंने जोड़ा। ज़ीशान, दीप और नवेंदु ने यस फाउंडेशन, फार्म२फूड फाउंडेशन और अग्रणी का इस मुश्किल समय में नेतृत्व करने के अपने अनूठे अनुभव गहराई से साझा किये और यह भी बताया के वार्तालीप ने उनके काम का समर्थन करने में कितनी महत्त्वपूर्ण भूमिनका निभाई। उन्होंने उन संस्थाओं एवं व्यक्तियों के प्रति आभार भी व्यक्त किया जिन्होंने स्वेच्छा से अपना समय, संसाधन देकर और कई महत्वपूर्ण भागीदारियों को मुमकिन बनाकर सीखने की इस प्रक्रिया को सुदृढ़ किया।

अंत में सभी सदस्यों से तीसरी लहर से निपटने के लिए **सुझाव** भी मांगे गए। उन्हें गठबंधन के कोविड प्रतिक्रिया रणनीति समूह में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया गया।

# मेम्बेर्स इंगेजमेंट सर्वे

मेम्बरशिप ग्रुप द्वारा प्लेवर्टो के साथ मिलकर डिज़ाइन किये गए इस सरलीकृत सर्वेक्षण के अनुसार (इसके निष्कर्ष को ट्रीट में साझा किया गया था) २०.३% सदस्यों ने कहा कि वे/उनकी संस्था को वार्तालीप गठबंधन द्वारा नेटवर्क व सहयोग को बढ़ने में मदद मिली है, १९.४% को इस जगह से बहुत कुछ सीखने को मिला है वही १२.2% को यहाँ से रचनात्मक डिज़ाइन मिले है जिसका प्रयोग उन्होंने अपने समुदाय में भी किया है। १४.६% सदस्यों की नज़र में वार्तालीप गठबंधन एक साथ नेतृत्व करने की जगह है जो उन्हें आकर्षित करती है।



### वार्तालीप के बारे में सोचने पर मेरे मन में जो शब्द/वाक्यांश आते हैं




### वार्तालीप की विशेषताएँ जो मुझे संलग्न होने के लिए आकर्षित करती हैं






# ओपन स्पेस

ओपन स्पेस सत्र में सदस्यों एवं उनके साथियों की सबसे अधिक उपस्थिति देखि गयी। ७ विभिन्न सत्रों के सञ्चालन द्वारा सामयिक एवं प्रासंगिक मुद्दों पर कार्यशालाओं/शेयरिंग/लेक्चरनोट के माध्यम से वार्तालीप सदस्यों द्वारा इन्हें चलाया गया।



एकजुटता या लाचारी की अवधि: राहत हस्तक्षेपों के डिजाइन को फिर से देखना
**द्विभाषी | मोहम्मद तारिक, कोशीश - TISS**



आत्म समीक्षा का महत्व: एक कौशल के रूप में। **यहाँ देखें**
**द्विभाषी | कविता आनंद, अध्ययन**



संकट के समय में नेतृत्व? यह कैसा दिखता है? **यहाँ देखें**
**द्विभाषी | सत्येंद्र कुमार, सीएसईआई-एनवाईईएफ**



LGBTQIA यूथ वेलबीइंग
**द्विभाषी | बप्पादित्य मुखर्जी**



सहयोग की गणना कर पाना
**अंग्रेज़ी | शीना गांधी, सहयोग फाउंडेशन**



विफलताओं का जश्न मनाना|
**यहाँ देखें** (2:07:50 से)
**द्विभाषी | मनीषा गुप्ता, स्टारअप इंडिया**



नॉर्थ ईस्ट का यूथ कोलैबोरेटिव स्पेस - थ्री इडियट्स की नजरों से
**इंग्लिश, जेनपु रोंगमेई, कैन यूथ | हेजांग मिसाओ, इनसाइड नॉर्थ ईस्ट | सोनल रोशन, यूथ इनवॉल्व सोशल एंटरप्रेन्योर्स/एक्सोम स्टेट कलेक्टिव**

# शुक्रगुज़ार

सभी सदस्यों के प्रति गहरी कृतज्ञता, जिन्होंने ट्रीट #५ में प्रतिभाग किया और इसे सबके लिए प्रामाणिक बनाया। वास्तव में बिना इस सहयोगी ऊर्जा के इस ट्रीट को शानदार बनाना संभव नहीं था। इतनी सुन्दर कहानियों से भरे इस सागर का अनुभव करना, जिसे हम सब वार्तालीप कहते हैं, सच में अद्भुत था। सच में इसके हर सदस्य में एक गहरा नीला सागर समाया हुआ है जो इस जगह को जीवंत बनाता है।

धन्यवाद।



# ट्रीट से जुड़ने के लिए शुक्रिया



Aakash Sethi
Quest Alliance

Ajay Pandit
Synergy Sansthan

Akshit Jain
ComMutiny

Amitabh Behar
Oxfam India

Amu Vinzuda
Jan Sahas

Anand
SHEF

Anand Kumar
PHIA Foundation

Anjani Grover
ComMutiny

Anurag Hoon
Manzil Mystics



Archana

Ariba Naim

Arjun Shekhar
ComMutiny

Arnaz Khan
Blue Ribbon Movement

Ashish Kothari
Kalpvriksh, Vikalp Sangam

Ashraf Patel
ComMutiny

Ashok Krishnan

Bappaditya Mukherjee
Prantakatha

Biraj Patnaik
NFI



Chaki Shahid Hamid

Darshika
IGSSS

Debanjan Roy
Kaivalya Education Foundation

Deepjyoti Sonu Brahma
Farm 2 Food Foundation

Durba Ghose
Mittika

Eva Wallensteiner
DKA

Hardi Parmar
OASIS Movement

Harsh Gupta
IGSSS

Hejang Misao
Inside North East



Indrajit Sinha
We Are Young Foundation

Ishani Sen
Pravah

Jenpu Rongmei
Can Youth

Kanika Sinha
ComMutiny

Kavita Anand
Adhyayan Asia

Kuldeep Sikarwar
Anhad Pravah

Kunal Naik
Antarang Foundation

Lokashish Saha

Manak Matiyani
The YP Foundation



Manasi Saxena
enCOMPASSion

Manisha Gupta
Startup India

Meenakshi Gupta
Goonj

Meenu Venkateswaran
Pravah

Mohd Tarique
TISS

Mohd Zeeshan
Yeh Ek Soch Foundation

Mudita Jagota

Navendu Mishra
Agrini

Neeru Malhotra
Pravah



Niti Pandey
Manzil Mystics

Pavan Bhatia
GenWE

Piyush Ghosh
The Optimist Citizen

Pooja Jain
ComMutiny

Prashant Dubey
Aawaj

Pratibha Pathak
ComMutiny

Rachita Srivastava
Yeh Ek Soch Foundation

Rahul Bora
Thoughts to Action

Rajesh Meher
ComMutiny



Rama Rao Vedula
AJWS

Rameez Aalam

Ramnarayan Syag
ComMutiny

Ranjan
PHIA Foundation

Remanpreet Sandhu

Renita Gonsalves
Blue Ribbon Movement

Ritika Khunnah
Pravah

Rustam Vania
Srishti School of Design

Saloni Goel
ComMutiny



Satyendra Kumar

Shankar Venkateshwaran
E Cube

Shariq
Yeh Ek Soch Foundation

Sheeba
OASIS Movement

Sheena Gandhi
Sahyog Foundation

Shilpa Jhawar
Anhad Pravah

Siva Nagarajan

Sivakumar Babu
RGNIYD

Sohini Bhattacharya
Breakthrough



Sonal Roshan
We Are Young
Foundation

Souvik Saha
People For Change

Subi TS

Sudarshan Suchi
Save The Children India

Sudha Srinivasan
The/Nudge Centre for
Social Innovation

Swati Tripathi
SHEF

Tiasha Banerjee
Adhyayan Quality
Education Foundation

Tina Vasudeva
OASIS Movement

Venkatesh Srinivassan



Vijay Bharatiya
Jai Jagat

Vishakha Tak
Anhad Pravah

Vivek Kumar
Kshamtalaya

Waqar Qazi
Urja Ghar

Waseem Iqbal
Aim For Awareness Of Society

Zafreen Neha
CSEI